# ईको क्लब

## विषय: हरेला पर्व एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

## दिनांक: 16 जुलाई 2026

राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत के ईको क्लब के तत्वावधान में दिनांक 16 जुलाई 2026 को उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा प्रकृति के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। प्रतिभागियों को हरेला पर्व के सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने तथा स्वच्छ एवं हरित परिसर के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। हरेला पर्व उत्तराखण्ड में हरियाली, मानसून के आगमन तथा प्रकृत संरक्षण का प्रतीक माना जाता है और इस अवसर पर राज्यभर में वृक्षारोपण

संरक्षण का प्रतीक माना जाता है और इस अवसर पर राज्यभर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किए जाते हैं।















GPS Map Camera
Banbasa Canal Range, Uttarakhand, India
X3qh+h64, Banbasa Canal Range, Uttarakhand 262310, India
Lat 28.989512° Long 80.077616°
Wednesday, 15/07/2026 11:01 AM GMT +05:30
Google

;



